Seventeenth Loksabha

an>

title: Issue regarding inclusion of Indian terrotories allegedly shown by China, in Indian Political Map.

श्री तापिर गाव (अरुणाचल पूर्व): ऑनरेबल स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण इश्यू उठाना चाहूँगा, जिस पर गवर्नमेंट ऑफ इंडिया का अटेंशन भी जरूरी है ।

ब्रिटिश जमाने का सर्वे ऑफ इंडिया है, जिसने हिन्दुस्तान का नक्शा ड्रा किया है । मेरे पार्लियामेंट्री क्षेत्र में अनिनी क्षेत्र है, जो एक रिमोट ईस्टर्न ट्रायंगल क्षेत्र है । म्यांमार, चाइना और इंडिया के बॉर्डर पर आंगिए वैली है, जिसको मिलिटेरिली पीसटेल वांग का नाम दिया गया है । इसका सौ किलोमीटर से ज्यादा भाग चाइना के मैप में ड्रा किया हुआ है । हमारे बॉर्डर आउट पोस्ट्स अन्दर हैं, लेकिन वे आउट पोस्ट्स चाइना के नक्शे में दिखाए गए हैं ।

दूसरा मुद्दा है, अंजॉ जिले के बारे में मैंने लास्ट टाइम चाइना इश्यू में कहा था, दराई वैली में हाडिंग्रा, दागरू, गलाई-तागरू, तातू पास आउट पोस्ट्स हैं, ये सारे आउट पोस्ट्स मैकमोहन लाइन पर हैं । लेकिन सौ किलोमीटर से ज्यादा हिन्दुस्तान का भाग काटकर चाइना के मैप में दिखाया हुआ है ।

जिस तरह से मोदी जी के नेतृत्व में पीओके को इंडियन पॉलिटिकल मैप में डाला गया है, उसी तरह से अंजॉ जिले का आंगिए वैली, दिबांग जिले का वैली और सांगलागाम जिले के दराई और कोयू वैलीज को इंडियन पॉलिटिकल मैप में वापस ड्रा करना होगा, क्योंकि इंडिया और चाइना का झगड़ा उसी के कारण है । पॉलिटिकल मैप में चाइना का नक्शा बनाकर रखा गया है, लेकिन इंडियन आर्मी आउट पोस्ट्स को बाहर दिखाती है ।

इसलिए जिस तरह से पीओके को इंडियन मैप में लाया गया है, उसी तरह से इनको भी इंडियन पॉलिटिकल मैप में लाना चाहिए, सरकार से मैं यही माँग करता हूँ ।

माननीय अध्यक्ष:

श्री कुलदीप राय शर्मा और

श्री रितेश पाण्डेय को श्री तापिर गाव द्वारा उठाए गए विषय से संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

*m04

श्रीमती नवनित रवि राणा (अमरावती): सर, लॉ मिनिस्टर यहाँ बैठे हैं, मैं इनसे विनती करूँगी कि रोज जिस तरह की घटनाएँ हो रही हैं, उसे बंद करने के लिए बहुत कुछ करना होगा । इसके लिए विशेष कदम उठाना होगा, नहीं तो कोई किसी को जला देता है, कोई किसी पर एसिड डाल देता है, कोई मार देता है, कोई चाकू से मार देता है, अगर हमें ये सारी घटनाएँ बंद करनी हैं, तो हमें इसके लिए कुछ काम करने ही पड़ेंगे ।

मैं सभी महिला सांसदों से आग्रह करती हूँ कि सभी को इस पर अपनी बात कहनी चाहिए ।

*m05

विधि और न्याय मंत्री; संचार मंत्री तथा इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री रवि शंकर प्रसाद): सर, हमारी आदरणीय बहन सदस्यों ने महाराष्ट्र के बारे में जो चिंता उठाई है, मैं उनकी चिंता के साथ हूं । यह निर्णय करने का अधिकार महाराष्ट्र सरकार का है । इस सदन में उन्होंने अपनी बात उठाई है, महाराष्ट्र सरकार सुन रही है । हम भी अपनी ओर से उनको बताएंगे कि उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए । …(व्यवधान) आप एक मिनट के लिए बैठिए ।

सर, जहां तक 'निर्भया' का सवाल है, यह बात मैं बहुत विनम्रता से बताना चाहूंगा कि सुप्रीम कोर्ट के द्वारा उनको फांसी की सजा हो गई । माननीय राष्ट्रपति जी ने उनकी दया याचिका को अस्वीकृत कर दिया, फिर भी कानून का जिस प्रकार से दुरुपयोग कर के वे सभी सज़ायाफ़्ता अपराधी उसको रोकने की कोशिश कर रहे हैं, यह दुर्भाग्यपूर्ण है, यह उचित नहीं है । …(व्यवधान) आपने देखा होगा कि सरकार दिल्ली हाई-कोर्ट में खुद गई, उस निर्णय के खिलाफ, जो लोअर-कोर्ट ने किया था । …(व्यवधान) हम इस पर बिलकुल सख्त हैं कि निर्भया, जो इस देश की बेटी थी, उसको पूरा न्याय मिलना चाहिए और फांसी की सज़ा जल्द से जल्द होनी चाहिए, यह हमारा विश्वास है । …(व्यवधान) यह हम कहना चाहेंगे । …(व्यवधान)